# Centre of Excellence

**GOVERNMENT COLLEGE SANJAULI**
**SHIMLA-06, H.P.**

**{NATIONAL SERVICE SCHEME}**

## *A Report*

- **Awareness Programmes And Campaigns**

# ★ Environment Awareness

- **Volunteers celebrated World Environment Day by doing different outreach activities viz. tree plantation, cleanliness drive, donating paper bags and took 'Environment Protection' pledge.**









**News Himachal**
A New Voice Of New Himachal
5 June 2023 @ newshimachalofficial

**उत्कृष्ट महाविद्यालय संजौली की एनएसएस इकाई द्वारा मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस।**

उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय संजौली की एनएसएस इकाई द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर संजौली की एनएसएस इकाई के द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियां की गयी । जिन में विशेष तौर पर अनेक स्वयंसेवको ने भाग लिया। इन गतिविधियों में चित्रकारी प्रतियोगिता , ऑनलाइन पोस्टर , शॉर्ट वीडियो आदि प्रमुख रहे। चित्रकारी प्रतियोगिता में 20 स्वयंसेवको ने भाग लिया। इसी प्रकार सभी प्रकार की प्रतियोगिताओं में 45 से 50 स्वयंसेवको ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

महाविद्यालय के स्वयंसेवियों ने अपने-अपने घर में वृक्षारोपण किया तथा स्वयंसेवियों ने पुरानी इस्तेमाल की गई चीजों से नई चीजें बनाकर चीजो को दोबारा इस्तेमाल करने का संदेश दिया।

कुछ स्वयंसेवियों ने अपने क्षेत्र के स्कूल में जा कर विद्यार्थियों के साथ साफ - सफाई की और उन्हे पर्यावरण को स्वच्छ रखने की शपथ दिलवाई तथा स्कूल आयोजित विभीन गतिविधियों में भाग लिया और सभी को संदेश दिया की हमे अपने पर्यावरण की रक्षा करनी चाहिए और कूड़ा कूड़े दान में ही डालना चाहिए।

उत्कृष्ट महाविद्यालय संजौली के प्राचार्य महोदय डॉ बी एस ठाकुर ने इस काम के लिए स्वयंसेवको की सराहना की। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ विकास नाथन कामायनी बिष्ट ने भी हमे इसी तरह एकजुट होकर काम करने के लिए कहा और इसी तरह से भविष्य में काम करने की प्रेरणा दी।

- **Volunteers had an interactive session on environment protection with Mayor, MC Shimla**





News Himachal

A New Voice Of New Himachal

05 August 2023 @ newshimachalofficial

**राजकीय महाविद्यालय संजौली की एनएसएस इकाई के द्वारा जिला शिमला के महापालिकाध्यक्ष सुरेंद्र चौहान के साथ की गई बैठक।**

उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय संजौली की एनएसएस इकाई के द्वारा जिला शिमला के महापालिकाध्यक्ष के साथ बैठक की गई। इस बैठक मे एनएसएस इकाई के स्वयंसेवको के अलावा एनसीसी केडेट और भारतीय स्काउट एंड गाइड के रोवर और रेंजर भी उपस्थित थे ।

जिला शिमला के महापालिकाध्यक्ष ने बहुत -सी चीजों के बारे मे बताया जैसे कि पेड़-पौधे लगाने चाहिए। अगर कोई पेड़ों को काटता है उसे यह सब करने से रोकना चाहिए, साथ ही कूड़ा -कचरा इधर उधर नहीं फेंकना चाहिए इस बारे मे भी बच्चों को बहुत कुछ बताया गया। इस में 70 बच्चों ने भाग लिया और उपस्थित महापालिकाध्यक्ष की बातों को गौर किया। यह कार्यक्रम लगभग 2 घंटे चला रहा। उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय संजौली के प्राचार्य महोदय डॉ भूपेंद्र सिंह ठाकुर ने भी सभी बच्चों को सुरेंद्र चौहान की बातों पर गौर करने के लिए कहा। एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ विकास नाथन और डॉक्टर कामायनी बिष्ट ने भी सभी को यही प्रेरणा दी। और अंत मे प्राचार्य महोदय ने शिमला के महापालिकाध्यक्ष का धन्यवाद किया।

# ★ Importance Of Education

- **Volunteers were aware students of Govt. Primary School Sanjauli, about "Importance of Education" on the occasion of World Day Against Child Labour.**



News Himachal

A New Voice Of New Himachal

12 June 2023 @ newshimachalofficial

**विश्व बालश्रम निषेध दिवस (World Day Against Child Labour) के दिन समझाया शिक्षा का महत्व।**



उत्कृष्ट शिक्षा केन्द्र राजकीय महाविद्यालय संजौली की एनएसएस ईकाई द्वारा 12 जून,जो की विश्व बालश्रम निषेध दिवस (World Day Against Child Labour) के रूप में मनाया जाता है, के दिन विभिन्न गतिविधियों तथा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों को आयोजन ऑनलाइन तथा ऑफलाइन दोनो माध्यमों द्वारा किया गया।

बाल श्रम से तात्पर्य ऐसे काम से है जो मानसिक, शारीरिक, सामाजिक या नैतिक रूप से बच्चों के लिए खतरनाक और हानिकारक है; और उनकी स्कूली शिक्षा में हस्तक्षेप करता है : - उन्हें स्कूल जाने के अवसर से वंचित करके; - उन्हें समय से पहले स्कूल छोड़ने के लिए बाध्य करे।

इसी अनैतिक तथा अनुचित कार्य से बच्चों को बचाने के लिए ILO (International Labour Organization), अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक संगठन ने 12 जून 2002 को पहला "विश्व बाल श्रम निषेध दिवस" शुरू किया ।

इस नेक कार्य की ओर अपना एक कदम उठाते हुए उत्कृष्ट शिक्षा केन्द्र राजकीय महाविद्यालय संजौली के एनएसएस स्वंसेवियो ने इसमें अपना योगदान दिया। विभिन्न गतिविधियों जैसे की "पोस्टर मेकिंग" कंपटीशन, "पेंटिंग कंपटीशन", "वीडियो मेकिंग" तथा "अवेयरनेस ड्राइव" का आयोजन किया गया।

स्वंसेवकों ने झुग्गी झोंपड़ियों में जाकर वहां के बच्चों तथा उनके माता पिता से वार्ता करके उन्हे शिक्षा का महत्व समझाया। इसी के साथ साथ उन्होंने बाल श्रम से होने वाली मानसिक, शारीरिक, तथा सामाजिक हानियों के बारे में भी वहां के निवासियों को जागरूक किया।किसी ने पोस्टर बना कर इस विषय पर जागरूकता फैलाई तो किसी ने अपने क्षेत्र में रैली निकाल कर।

उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र के प्राचार्य डॉ बी एस ठाकुर, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ विकास नाथन तथा डॉ कामयानी बिष्ट ने स्वंसेवियों को प्रोत्साहित किया तथा भविष्य में यूं ही लोगों को जागरूक करते रहने तथा आगे बढ़ते रहने की शिक्षा दी।



# ★ Yoga , Health

•Volunteers demonstrated Yoga at Govt. Primary School Sanjauli on the occasion of International Yoga Day.

•Many volunteers also demonstrated yoga at their home town.





# ★ Cleanliness

- Swachhata Hour (Ek Taarekh Ek Ghanta Ek Saath) was organised under "Swachhata Hi Seva Campaign" of GoI.
- Also awared people about the campaign.





**News Himachal**

A New Voice Of New Himachal

25 July 2023 @ newshimachaloffical

**राजकीय महाविद्यालय संजौली की एनएसएस इकाई द्वारा पर्यावरण सुधार के तहत पुनःचक्रण के लिए दिये गये उपयोग में न आने वाले कागज।**

उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय संजौली की एनएसएस इकाई द्वारा पर्यावरण सुधार के तहत पुनःचक्रण के लिए दिये गये कागज।

इस गतिविधि के तहत संजौली की एनएसएस इकाई के द्वारा गाँव मे जाकर घरों में प्रयोग ना आने वाली किताबों कॉपियों को एकत्रित किया गया और साथ ही एनएसएस इकाई के स्वयंसेवको ने भी अपने घर मे उपयोग न आने वाली पुस्तकों को भी इकठ्ठा किया। इन सब पुस्तकों पेपर कॉपियों को इकठ्ठा करके यह निर्णय लिया गया कि इन किताबों कॉपियों पेपर को हम पुनःचक्रण के काम लाएंगे। इन में से जो किताबें पढ़ने के लिए थी उन किताबों को बस्ती के बच्चों को दिया गया। ताकि वह किताबें उन के प्रयोग में आये।

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय संजौली के प्राचार्य महोदय डॉक्टर भूपिंदर सिंह ठाकुर ने एनएसएस इकाई के स्वयंसेवको की इस काम के लिए सराहना की। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ विकास नाथन और कामायनी बिष्ट ने भी इसी तरह से काम करने के लिये प्रोत्साहन किया और इसी तरह से नेक काम करने की प्रेरणा दी।

# ★ De-addiction(Nashamukti)

- NSS unit raises awareness about drugs, educating people on their harmful effects, prevention, and promoting healthy lifestyles among youth.

•NSS unit warns people about the dangers of drugs, highlighting their devastating physical, mental, and social consequences and risks.



News Himachal
A New Voice Of New Himachal
27 June 2023 @ newshimachaloffical

**नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया।**

उत्कृष्ट शिक्षा केन्द्र राजकीय महाविद्यालय संजौली की एनएसएस ईकाई द्वारा 26 जून,जो की नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाता है, के दिन विभिन्न गतिविधियों तथा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों को आयोजन ऑनलाइन तथा ऑफलाइन दोनो माध्यमों द्वारा किया गया।

7 दिसंबर, 1987 को, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रत्येक वर्ष 26 जून को नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया। इसने समाज को मादक द्रव्यों के सेवन से मुक्त बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु अपने प्रयासों को मज़बूत करने के लिये यह दिवस मनाने का निर्णय लिया। इस कार्य की ओर अपना एक कदम उठाते हुए उत्कृष्ठ शिक्षा केन्द्र राजकीय महाविद्यालय संजौली के एनएसएस स्वयंसेवियों ने इसमें अपना योगदान दिया। विभिन्न गतिविधियों जैसे की "स्लोगन राइटिंग" कंपटीशन, "शॉर्ट वीडियो मेकिंग" तथा "नशीली दवाएं न इस्तेमाल करने की शपथ" का आयोजन किया गया।

स्वयंसेवियों ने झुग्गी झोंपड़ियों में जाकर वहां के बच्चों तथा उनके माता पिता से वार्ता करके उन्हें नशीली दवाओं से होने वाली हानियों एवं दुष्प्रभावो के बारे में जानकारी दी। इसी के साथ साथ उन्होंने नशीली दवाओं से होने वाली मानसिक, शारीरिक, तथा सामाजिक हानियों के बारे में भी वहां के निवासियों को जागरूक किया। किसी ने पोस्टर बना कर इस विषय पर जागरूकता फैलाई तो किसी ने अपने क्षेत्र में रैली निकाल कर।

उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र के प्राचार्य डॉ बी एस ठाकुर, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ विकास नाथन तथा डॉ कामयानी बिष्ट ने स्वंसेवियों को प्रोत्साहित किया तथा भविष्य में यूं ही लोगों को जागरूक करते रहने तथा आगे बढ़ते रहने की शिक्षा दी।



# ★ AIDS

•NSS unit raises AIDS awareness, educating people about its causes, symptoms, prevention methods, and treatment options, promoting safe practices, and reducing stigma around HIV/AIDS, encouraging testing, and supporting affected individuals and communities.

- Also performed a natak at piteroff.







# ★ Organ Donation

- **Organ Donation: A Gift of Life – NSS Unit GC Sanjauli in collaboration with SOTTO, IGMC, hosted an insightful session in the conference hall, debunking myths and promoting the life-saving cause of organ donation.**




- **Students pledged to donate organs after death, promising to give life after theirs, inspiring a noble cause, promoting organ donation awareness and saving countless lives.**



# ★ Voter Awareness

• Voter Awareness Programme was started from 28/02/24 to 06/03/24.

• Students campaigned to raise awareness about the importance of voting, educating citizens on their rights and responsibilities, and encouraging them to participate in the democratic process, making their voices heard and shaping their future.

•Volunteers of our unit ignite change through voter awareness video.




https://www.instagram.com/reel/C7TG2VWBA3K/?utm_source=ig_web_copy_link

https://www.instagram.com/reel/C7VT_-7BRWD/?utm_source=ig_web_copy_link